# कक्षा-10
# प्रोजेक्ट मॉडल पेपर – 2025-2026

## विषय–गणित

प्रश्न–1 वास्तविक संख्या किसे कहते है ?
प्रश्न–2 भाज्य, भाजक, भागफल एंव शेषफल में संबंध लिखिए।
प्रश्न–3 बहुपद $3x^4 - 5x^2 + 7$ में बहुपद की घात बताइए।
प्रश्न–4 $(a - b + c)^2$ का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–5 समीकरण $3x + 2y = 4$ में $y = -1$ है, तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–6 द्विघात समीकरण किसे कहते है ?
प्रश्न–7 यदि $\frac{1}{x^2+5} = \frac{1}{9}$ हो , तो $x$ का मान ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–8 यदि एक समातंर श्रेणी का सार्व अंतर $5$ है, तो $a_{18} - a_{19}$ का मान ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–9 समांतर श्रेणी $-5, -1, 3, 7, \ldots\ldots\ldots\ldots$ का सार्वअंतर ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–10 एक समबाहु त्रिभुज $ABC$ की भुजाएँ $2a$ है। तो समबाहु त्रिभुज के प्रत्येक शीर्षलंब की लम्बाई ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–11 त्रिभुज के केन्द्रक का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–12 यदि बिंदु $P$ के निर्देशांक $(6,8)$ है , तो मूलबिंदु से $P$ की दूरी ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–13 $\sin 60^\circ \cos 30^\circ + \sin 30^\circ \cos 60^\circ$ का मूल ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–14 $9sec^2A - 9\tan^2 A$ का मान ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–15 वृत्त के त्रिज्यखण्ड के क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–16 वृत्त के परिधि का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–17 वर्ग के परिमाप तथा क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–18 सिद्ध कीजिए कि – $\left(1 + cot^{2\theta}\right)(1 - \cos\theta)(1 + \cos\theta) = 1$
प्रश्न–19 उन्नयन कोण तथा अवनमन कोण में क्या संबंध है ?
प्रश्न–20 चाप की लंबाई के रूप में त्रिज्यखंड के क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–21 $7,5,6,12,10$ तथा $9$ की माध्यिका ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–22 शंकु तथा अर्द्धगोले के आयतन का सूत्र कीजिए।
प्रश्न–23 विविक्तकार का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–24 समद्विबाहु त्रिभुज के दो गुण लिखिए।
प्रश्न–25 यदि वृत्त की त्रिज्या $a$ सेमी है तो वृत्त की परिधि ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–26 एक गोले का व्यास $d$ है तो गोले का आयतन कितना होगा ?
प्रश्न–27 $2,3,7,2,7,5,3,7$ का बहुलक ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–28 $a^2 - b^2$ का सूत्र लिखिए।
प्रश्न–29 संख्याओं $6$ और $20$ के अभाज्य गुणनखण्ड विधि से म0स0 और ल0स0 ज्ञात कीजिए।
प्रश्न–30 यदि $f(x) = px + r$ है, तब $f(x)$ का शून्यक ज्ञात कीजिए।